देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 153 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**लड़ाई में कौन किस तरफ



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 17 सितंबर 2020



मौसम — अधिकतम 30.0° न्यूनतम 23.0°

37244.59

2 योशिदे सुगा बने जापान के नए पीएम

7 धोनी को वापसी करते देखना देगा खुशी

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीबी ने रोकी जांच, एसआईटी मेंबर कोविड पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो सुशांत केस में ड्रग ऐंगल पर काफी ऐक्टिव होकर जांच कर रहा है। सुशांत की पूर्व मैनेजर श्रुति मोदी और टैलंट मैनेजर जया साहा को मंगलवार को समन किया गया था। हालांकि उनको वापस भेज दिया गया है और जांच रोक दी गई है। दरअसल SIT टीम के एक मेंबर कोरोना हो जाने की वजह से यह कदम उठाना पड़ा। NCB रे डेप्यूटी डायरेक्टर केपीएस मल्होत्रा ने बताया, SIT टीम के एक सदस्य को कोरोना हो गया है। हमें अभी ऐंटीजन रिपोर्ट मिली। इसके चलते दूसरे मेंबर्स का टेस्ट भी करना होगा और प्रोटोकॉल फॉलो किया जाएगा।

### गिरफ्तार किए गए 15 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली दंगा मामले में पुलिस ने बुधवार को कड़कड़डूमा कोर्ट में आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, आईपीसी और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत दंगों के 15 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। कड़कड़डूमा कोर्ट में दायर चार्जशीट 10,000 पन्नों से अधिक की है। विस्तृत साजिश रचने के मामले में स्पेशल सेल ने यूएपीए के तहत कुल 20 आरोपितों को गिरफ्तार किया है लेकिन अभी 15 के खिलाफ ही आरोप पत्र दायर किए गए हैं।

### राज्यसभा की कार्यवाही आज सुबह 9 बजे तक स्थगित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना महामारी के बीच संसद के मानसून सत्र का बुधवार का तीसरा दिन है। कोरोना पर चर्चा के बाद राज्यसभा की कार्यवाही कल सुबह 9 बजे तक स्थगित कर दी गई है। माना जा रहा था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एलएसी पर चीन के साथ जारी टकराव को लेकर राज्यसभा में आज बयान देंगे।

# एलएसी पर कम नहीं हुआ तनाव

## भारत और चीन की सेनाओं के बीच 20 दिन में 3 बार फायरिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। करीब 45 सालों तक वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक भी गोली नहीं चली, लेकिन चीन की नापाक हरकतों की वजह से अब बॉर्डर पर माहौल बिगड़ने लगा है। जानकारी के मुताबिक, 20 दिन में पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर भारत–चीन के बीच तीन बार फायरिंग की घटना हो चुकी है। दूसरी ओर पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना की ओर से किए जा रहे दुस्साहस की वजह से जारी तनाव के बीच, भारतीय सेना ने अपने अजेय बोफोर्स हॉवित्जर को ऑपरेशन के लिए तैयार कर लिया है।

सेना से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, सबसे पहली बार गोलीबारी तब हुई जब 29–30 अगस्त को भारतीय सेना ने चीन की दक्षिणी पैंगोंग की ऊंचाई वाली चोटी पर कब्जा करने की कोशिश को नाकाम किया। वहीं दूसरी बार सात

- **पहली फायरिंग:** जब 29–30 अगस्त को दक्षिणी पैंगोंग में
- **दूसरी फायरिंग:** सात सितंबर को मुखपारी की चोटियों पर
- **तीसरी फायरिंग:** पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर 8 सितंबर को

सितंबर को मुखपारी की चोटियों पर गोलीबारी हुई। सूत्रों के बताया कि पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर 8 सितंबर को चीनी सेना ने काफी आक्रामकता दिखाई, जिसके बाद दोनों ओर से करीब 100 राउंड फायरिंग हुई।

**मॉस्को में हुई थी चीनी विदेश मंत्री के साथ मीटिंग:** फायरिंग की घटना के बाद भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी रूस के मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के लिए पहुंचे थे। इस बैठक से इतर भी दोनों विदेश मंत्रियों के बीच मीटिंग हुई थी और दोनों ने सीमा पर अप्रैल से जारी तनातनी पर बातचीत कर तनाव को कम करने की वकालत की थी। बातचीत के अनुसार, दोनों पक्ष कॉर्प्स कमांडर–स्तरीय वार्ता करने वाले थे, लेकिन अभी तक चीनी पक्ष की ओर से तारीख और समय की पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले राज्यसभा में आज एक सवाल के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा पिछले छह महीने में भारत–चीन सीमा पर घुसपैठ का कोई मामला सामने नहीं आया है।

**चीन सीमा पर घुसपैठ नहीं**
लिखित सवाल के जवाब में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि पिछले छह महीनों के दौरान भारत–चीन सीमा पर किसी घुसपैठ की रिपोर्ट नहीं है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि जम्मू कश्मीर में अब तक इस साल 168 आंतकी मारे गए। 9 आतंकी गिरफ्तार किए गए। बता दें कि चीनी घुसपैठ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार पर निशाना साधते रहे हैं।

### पाकिस्तानी आतंकियों ने की घुसपैठ



गृहमंत्रालय की तरफ से बताया गया कि इस साल अब तक पाकिस्तान से आतंकी जम्मू–कश्मीर में 28 बार घुसपैठ कर चुके हैं, हालांकि उन्होंने घुसपैठ की कोशिश 47 बार की थी। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक इस साल जुलाई तक पाकिस्तानी आतंकियों ने 47 बार जम्मू–कश्मीर में घुसपैठ की कोशिश की और 28 बार घुसपैठ हो गई।

### बोफोर्स भी तैयार

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, लद्दाख में बोफोर्स तोपों को भी ऑपरेशन के लिए तैयार किया जा रहा है। लद्दाख में इंजिनियर्स 155 मिमी बोफोर्स तोप की सर्विसिंग और मेंटिनेंस का काम कर रहे हैं। बोफोर्स तोप को 1980 के दशक के मध्य में तोपखाने की रेजिमेंट में शामिल किया गया था।

# भारत में बेकाबू होता जा रहा कोरोना वायरस

## भारत में कोरोना के कुल केस 50 लाख के पार


**चंदन कुमार**

देहरादून। देश में कोरोना के मामले अब लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। कोरोना का आंकड़ा 50 लाख के पार पहुंच गया है. बीते 24 घंटे में कोरोना के 92 हजार 71 नए मामले सामने आए हैं. तो वहीं एक दिन में कोरोना से 1 हजार 136 लोगों की मौत हो गई।

कोरोना महामारी ने भारत में आहिस्ता–आहिस्ता पाँव पसारना शुरू किया था. लेकिन संक्रमण का पहला पुष्ट मामला दर्ज होने के छह महीने बाद वो रूस को पीछे छोड़कर संक्रमितों के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे अधिक कोरोना प्रभावित देश बन गया है। भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है. यहाँ शहरों में घनी आबादी रहती है. ऐसे में शायद इसकी आशंका अधिक है कि भारत कोरोना वायरस महामारी का ग्लोबल हॉटस्पॉट बन जाये। लेकिन कोरोना संक्रमण और इस महामारी से मरने वालों के जो आंकड़े दिये जा रहे हैं, उस पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि भारत में कोविड टेस्टिंग उस पैमाने पर नहीं हो रही और महामारी से जितनी कम संख्या में लोगों की मौतें हुई हैं। भारत में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत में कोरोना संक्रमण के सबसे अधिक पुष्ट मामले जून में दर्ज किये गए. बेहद सख्ती से लागू किये गए लॉकडाउन को खोलने के कुछ ही हफ्तों के भीतर ये हुआ। जुलाई में तो ये बढ़कर रोजाना 20 हजार से भी ज्यादा हो गए। नौ जुलाई तक भारत में कोरोना संक्रमण के कुल 7 लाख 67 हजार 296 मामले दर्ज किये गए। भारत में हाल के हफ्तों में यही देखा गया, जैसे ही सरकार ने टेस्टिंग सुविधा का विस्तार किया, संक्रमण के मामले अचानक तेजी से बढ़े। भारत में 13 मार्च के बाद एक करोड़ से ज्यादा सैंपल का कोरोना टेस्ट किया गया लेकिन इनमें से आधे से अधिक टेस्टिंग एक जून के बाद की गया। भारत में टेस्टिंग पर्याप्त रूप से नहीं हो रही है। **शेष पेज 3 पर...**

### भारत में कैसे बढ़े कोरोना के मामले?

| | |
|---|---|
| *30 जनवरी* | *पहला केस* |
| *19 मई* | *1 लाख केस* |
| *17 जुलाई* | *10 लाख केस* |
| *23 अगस्त* | *30 लाख केस* |
| *14 सितंबर* | *48 लाख से ज्यादा केस* |
| *16 सितंबर* | *50 लाख से ज्यादा केस* |



# हर चुनौती का जवाब देने के लिए तैयार है भारतीय सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। पूर्वी लद्दाख में तीन से तनातनी के हालातों के बीच भारतीय सेना ने बुधवार को एक बड़ा बयान देते हुए चीन को स्पष्ट संदेश देने की कोशिश की है। चीनी मीडिया में भारतीय सेना की अधूरी तैयारियों के दावे वाली खबरों के चलने के बाद भारतीय सेना ने कहा है कि वह किसी भी स्थिति में सामरिक हालात से निपटने में पूरी तरह से तैयार है। बुधवार को अपने एक बयान में भारतीय सेना ने कहा कि सर्दी के मौसम में अगर जंग के हालात बन जाते हैं, तो चीन का सामना भारत की एक ऐसी सेना से होगा जो कि सक्षम और सशक्त रूप में उनके सामने खड़ी होगी।

भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि चीन जिस सेना के बल पर प्रोपोगेंडा फैला रहा है, उसके जवानों को फील्ड और ऊंचे इलाकों में जंग का कोई अनुभव नहीं है। ये लोग शहरी इलाकों से आते हैं और इन्हें जमीनी हालात का कोई अंदाजा नहीं। बुधवार को बयान में सेना की उत्तरी कमान के प्रवक्ता ने कहा कि अगर सर्दी के मौसम में पूर्वी लद्दाख में जंग जैसे हालात बन भी जाते हैं, तो भारतीय सेना इसके लिए पूरी तरह से तैयार और सक्षम दिखेगी। प्रवक्ता ने कहा, श्भारत एक शांतिप्रिय देश है और हम चाहते हैं कि पड़ोसियों से हमारे रिश्ते हमेशा ही बेहतर रहें। हम हमेशा बातचीत के जरिए मसलों को हल करना चाहते हैं। ऐसे वक्त में जब भारत और चीन के मध्य कूटनीतिक स्तरों पर बातचीत हो रही है, उस वक्त में भी हम सैन्य मोर्चे पर पूरी तरह से तैयार हैं।

### तैयार

स्पेशल टेंट, आर्टिलरी और अन्य साजो सामान, पुख्ता तैयारियां

**हर स्थिति के लिए शहर्ट नोटिस पर भी तैयार**
प्रवक्ता ने कहा कि लद्दाख रेंज के तमाम इलाके उच्चतम पर्वतीय क्षेत्रों में आते हैं। इस इलाके में नवंबर के महीने में भारी बर्फबारी होती है। हम एक शॉर्ट नोटिस पर भी किसी भी स्थिति में जाने के लिए पूरी तरह से तैयार रहते हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भगवान विश्वकर्मा नवनिर्माण एवं सृजन के देवता

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेशवासियों को विशेष रूप से अभियांत्रिकी निर्माण तथा तकनीकी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा नवनिर्माण एवं सृजन के देवता हैं। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा महान शिल्पी होने के साथ ही अपने ज्ञान एवं विज्ञान के कारण मानव मात्र ही नहीं देवगणों के द्वारा भी सम्मानित थे।

उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती का यह पर्व देश व प्रदेश के निर्माण व विकास में योगदान देने वाले उद्यमियों, शिल्पियों व कर्मकारों को सम्मानित करने का भी अवसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर हमें निर्माण के क्षेत्र में नई तकनीक का उपयोग कर देश एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बन कर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लेना होगा।

**मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं**